# चित्रकूट में युवक ने कनपटी पर गोली मारकर की आत्महत्या, सुसाइड नोट बरामद



**सतना।** जिले के चित्रकूट में पालदेव गांव स्थित प्रसिद्ध मोरध्वज आश्रम के पास एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी कनपटी पर गोली लगी हुई मिली। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है,जिसकी जानकारी गुरुवार सुबह मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की।

मृतक की पहचान आधार कार्ड से धर्मपाल (पिता जगपाल, निवासी पट्टी तिहाईयां,लुंब,बागपत,उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। घटनास्थल से पुलिस ने एक 315 बोर का कट्टा,तीन जिंदा कारतूस और एक सुसाइड नोट बरामद किया है। सुसाइड नोट से खुलासा हुआ है कि वह किसी असाध्य बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर रहा है। आश्रम के लोगों ने बताया कि धर्मपाल अक्सर मोरध्वज आश्रम के आसपास देखा जाता था और वह आश्रम महाराज हनुमानदास जी से दवा लेने आया था,क्योंकि वह असाध्य रोग से पीड़ित था। एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें वह ठीक से बैठ और चल भी नहीं पा रहा है,तथा महाराज को बता रहा है कि वह 15 दिन पहले आया था और लालापुर के 'लाल बाबा' के इलाज के चक्कर में फंस गया,जिसने पैसे भी लिए लेकिन कोई आराम नहीं मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अड़ीबाजी और मारपीट के दो मामलों में फरार आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** थाना जैतवारा पुलिस ने अड़ीबाजी कर मारपीट करने और गंभीर घटना को अंजाम देने के दो अलग-अलग अपराधों में फरार चल रहे आरोपी मनीष शुक्ला को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे और उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) मनोज दीक्षित के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक अभिषेक कुमार पाण्डेय,थाना प्रभारी जैतवारा,और उनकी टीम द्वारा की गई।दोअलग-अलग फरियादियों ने थाना जैतवारा में आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार आरोपी मनीष शुक्ला पिता इंद्र प्रसाद शुक्ला निवासी चिल्ला ने अड़ीबाजी करते हुए फरियादियों को मां-बहन की बुरी-बुरी गालियां दीं और शराब पीने के लिए रुपये-पैसे की मांग को लेकर उनके साथ मारपीट की और जान से खत्म करने की धमकी दी। इन घटनाओं के आधार पर,आरोपी मनीष शुक्ला के विरुद्ध थाना जैतवारा में दो पृथक अपराध पंजीबद्ध किए गए। पहला अपराध धारा 126, 296,115(2),351(2),119(1) बी.एन.एस.और दूसरा अपराध धारा 296,115(2),351(2),119(1),3(5) बी.एन.एस. तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3 (2) (va) एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान,पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। आरोपी मनीष शुक्ला को उक्त दोनों अपराधों में गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे माननीय न्यायालय सतना में पेश किया गया।

खबर संक्षेप

### विधायक आज सुनेंगे कार्यकर्ताओं की समस्याएं



**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी शुक्रवार, 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मैहर में बैठेंगे।

### दीपों की जगमगाहट के बीच मनाया दीपोत्सव पर्व

**बड़वारा।** दीपों की रोशनी एवम फुलझड़ियों, पटाखों व अनारदाना के चमकते प्रकाश से बड़वारा नगर प्रकाशित नजर आया। दीपावली पर्व पर धन धान्य की देवी लक्ष्मी जी की पूजा हर घर मे बड़े ही श्रद्धा भाव से की गई। घरों को विद्युत झालरों से सजाया गया।मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए घरों में प्रवेशद्वारों की विशेष सजावट की गई। फूल मालाओं से की गई सजावट।सुख समृद्धि व धन संपदा देने वाली माता लक्ष्मी एवम भगवान गणेश जी की पूजा के लिए खरीददारी करने गए लोगों कि भीड़ से बाजार भी गुलजार हो गए। दीपावली को शुभ मुहूर्त में माता लक्ष्मी एवम भगवान गणेश जी की पूजा की गई व सभी ने सुख खुशहाली की कामना की।

### स्वच्छता दूतों का सम्मान

**सिलौंडी।** सिलौंडी में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय ने अपने निज निवास पर स्वच्छ ता दूतो का सम्मान कर उनका दीपावली का उपहार दिया हैं। पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय ने बताया पूरे साल गांव को स्वच्छ और साफ रखने में स्वच्छ ता दूत मेहनत करते है । ग्राम पंचायत सिलौंडी सरपंच पंचों संतोष कुमार,उपसरपंच राहुल राय,सचिव गुमान सिंह बागरी देवराज धनगर के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत सदस्य माधुरी अवस्थी ,रोजगार सहायक अमरीश राय समस्त कर्मचारी ने दीपावली पूजन के किया ।सभी स्वच्छता दूत, नल आपरेटर ,सभी कर्मचारी का सम्मान कर उनको

# नागौद अस्पताल में लापरवाही का आरोप एंबुलेंस न मिलने से युवक की मौत





**सतना।** जिले के नागौद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक युवक की मौत पर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और ड्यूटी डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान कतकोन निवासी बहादुर चर्मकार (पिता रामकुमार चर्मकार) के रूप में हुई है, जिसे रात करीब 3 बजे तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल लाया गया था। परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी डॉक्टर ने समय रहते इलाज शुरू नहीं किया और जांच व दवा देने में भी लापरवाही बरती,जिससे बहादुर की हालत लगातार बिगड़ती गई और उसकी मौत हो गई। परिजनों का सबसे गंभीर आरोप यह है कि डॉक्टर ने मरीज को सतना रेफर तो कर दिया था,लेकिन अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी। एंबुलेंस न मिलने के कारण वह युवक को समय पर सतना नहीं ले जा पाए,जिसके चलते उसकी जान चली गई। इस मामले पर बीएमओ डॉ.प्रमोद प्रजापति ने सफाई दी है कि मरीज को रेफर किया गया था,लेकिन अस्पताल में एंबुलेंस नहीं थी और परिजन भी निजी वाहन से ले जाने को तैयार नहीं हुए। उन्होंने कहा कि उपलब्ध दवाओं के अनुसार इलाज किया गया था। फिलहाल,पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# नागौद एसडीओपी के भाई से ढाबे पर मारपीट सिर फटा; ढाबा संचालक समेत चार गिरफ्तार

**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात नागौद एसडीओपी रघु केशरी के भाई रवि केशरी के साथ एक ढाबे पर मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है। इस हमले में रवि केशरी के सिर में गंभीर चोट आई है,जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक,रवि केशरी अपनी पत्नी के साथ कार में थे और रैगांव मोड़ के पास स्थित ढाबे के सामने उनकी आपस में कहासुनी हो रही थी। इसी दौरान ढाबा संचालक रवि सिंह ने उन्हें ढाबे के सामने झगड़ा न करने और गाड़ी हटाने को कहा। सूत्रों के अनुसार,इस बात से नाराज़ होकर रवि केशरी ने कथित तौर पर ढाबा संचालक को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद ढाबा संचालक और वहाँ मौजूद कर्मचारियों ने मिलकर रवि केशरी की बेरहमी से पिटाई कर



दी,जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई।उन्हें तत्काल नागौद अस्पताल ले जाया गया,जहाँ डॉक्टरों ने सिर में तीन टांके लगाए। घटना की सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ढाबा संचालक रवि सिंह सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूरी वारदात ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका डीवीआर पुलिस ने जांच के लिए ज़ब्त कर लिया है और मामले की विवेचना जारी है।

# मंदिर परिसर और यात्री निवास का निरीक्षण



मैहर। मां शारदा प्रबंध समिति के सदस्य सचिन मिश्रा ने यात्री निवास क्रमांक-2 एवं मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्री निवास की खस्ताहाल स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए प्रभारी को तात्कालिक सुधार कार्यों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

सचिन मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता,सुव्यवस्था और यात्रियों की सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी यात्री को परेशानी न हो,इसके लिए निरंतर बेहतर व्यवस्था करना आवश्यक है।

निरीक्षण के बाद वे माँ शारदा देवी मंदिर पहुंचे और दूर-दराज से आए दर्शनार्थियों से हाल-चाल जाना।

यात्रियों ने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई और वे माता के दर्शन कर प्रसन्न हैं।माँ शारदा के चरणों में नमन कर क्षेत्र की खुशहाली व विकास की कामना करते हुए सचिन मिश्रा ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही यात्री निवास व परिसर में व्यापक सुधार कार्य दिखाई देंगे।

# बलात्कार के आरोपी को त्वरित कार्रवाई में जेल भेजा



**सतना।** जिले के नागौद थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने साथ हुए दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है,जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरियादिया ने अपने पति के साथ थाने आकर रिपोर्ट लिखाई कि लगभग एक वर्ष पूर्व ग्राम बिकरा में ईंट पाथने के काम के दौरान उसकी जान-पहचान लोहा सिंह उर्फ सेवक लाल बेलदार निवासी पीलीघाट, नागौद से हुई थी। आरोपी लगातार उससे गलत संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। फरियादिया के अनुसार,दोपहर करीब 12 बजे जब वह घर पर अकेली थी। बच्चे दिया-बाती बेचने गए थे और पति पुताई के काम से नागौद गए थे,तभी लोहा सिंह पीछे से आया,उसे पकड़ लिया और पलंग पर लेटाकर जबरदस्ती उसके साथ गलत काम किया। फरियादिया ने पति के आने पर उन्हें पूरी घटना बताई,लेकिन त्यौहार होने के कारण त्यौहार के बाद रिपोर्ट करने का निर्णय लिया। रिपोर्ट दर्ज होते ही,थाना नागौद में अपराध कायम कर लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सेवक लाल उर्फ लोहा सिंह बेल्दार पिता रामस्वरूप उर्फ कल्लू बेल्दार,उम्र 30 वर्ष,निवासी पीलीघाट को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।पुलिस मामले की गहन विवेचना कर रही है।

## परीवा तिथि पर ग्रामीण क्षेत्रों मे हुए विविध आयोजन, गौधूली बेला में गौ माता का पूजन

# गौरैया बाबा का पूजन कर ग्वालों ने दिवारी नृत्य की पारंपरिक प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

तुलसी बिरबा बाग मैं ,सींचत मैं कुम्हलाय ,राम भरोसे जे रहे ,पर्वत मैं हरिहाय।राम नाम सब कोई कहे दसरथ कहे न कोय, एक बार दसरथ कहे कोटि यज्ञ फल होय।

कुछ इस तरह की चौपाइयों की टेर, मादल की थाप से ग्वालों ने दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को प्रतिपदा तिथि के अवसर पर दिवाली नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गईं,यह नजारा था स्लीमनाबाद का।जहां पर ग्वाल टोलियों ने एक से बढकर एक दोहा-चौपाई मैं दीवाली नृत्य किया।

इस मौके पर पहले गौ वंश की रक्षा व गांव की खुशहाली के लिए गौरैया बाबा का पूजन किया।एक दिन पहले छाहुर से घर घर जाकर लोगो को जगाया।वही गौधूली बेला पर गौवंश की रक्षा के लिए विशेष पूजन किया गया।तदोपरांत गाय की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की गई ।पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों मे खासी धूम रही।





### हरिदास ब्रजधाम मे अहीरो का दीवारी नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

प्रणतपाल रघुवंश मणि करुणा सिंधु खरार, गए शरण प्रभु रखिये सब अपराध बिसार।नाम सब कोई कहे, दसरथ कहे न कोय,एक बार दसरथ कहे कोटि यज्ञ फल होय। एक से बढ़कर एक दीवारी गीतों की प्रस्तुति नजारा था ग्राम कोहका स्थित ब्रजधाम मंदिर मैं बुधवार को अहीरों के पारंपरिक नृत्य दीवारी का।गोवर्धन पूजा महोत्सव के अवसर पर गौ पालक अपनी गायों को सजा- संवार कर उन्नति की प्रतीक गाय माता का विधिवत पूजन किया गया।इसके बाद उन्हें पर्व स्थल लेकर आए।लोगो के द्वारा एक दूसरे को तिलक लगाकर मान सम्मान दिया गया। फिर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर दीवारी नृत्य शुरू किया गया।अहीरों की टोलियों विभिन्न पोशाक पहने आकर्षित लग रही थी।गांव का भ्रमण करते हुए दीवारी नृत्य करते हुए गौरैया बाबा पहुँची।जहां पूरे गांव के ग्रामीणों के द्वारा गौरैया बाबा की विधि विधान से पूजा आराधना कर गांव के खुशहाली की कामना की।इसके बाद टोली ख़रिका पहुँची।जहां ख़रिका मैं एकत्रित गायों, बछड़ो को अहीरों की टोलियों के द्वारा बिचकाया गया।इसके बाद हरिदास महाराज मंदिर अहीरों की टोली पहुँची।जहां पूजा आराधना कर दीवारी नृत्य व गायन शुरू किया गया जो देर शाम चलता रहा।इस दौरान पंडित प्रदीप त्रिपाठी,गिरिजा यादव,महेश यादव,गुलाब यादव ,पवन यादव, रामकेश यादव, रमेश यादव,राजेंद्र यादव,रामनारायण यादव,संजय यादव, राहुल यादव,संतराम यादव सहित बड़ी संख्या मे लोगो की उपस्थिति रही।साथ ही अन्य ग्रामो मैं अहीरों की टोलियों के द्वारा पारम्परिक तरीके से गोवर्धन पूजा महोत्सव पर अहीरों की टोलियों के द्वारा नृत्य व ज्ञायन किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या मे लोगो की उपस्थिति रही।

### खरखरी में थिरकी टोलियां

समीपस्थ ग्राम पंचायत खरखरी न.2 मैं भी मंगलवार को अहीरों के द्वारा दिवाली नृत्य कर विविध आयोजन किये गए।गौरैया बाबा का पूजन कर छाहुर का पूजन किया गया।इसके बाद गांव भ्रमण करते हुए दीवारी नृत्य करते हुए ग्वालों की टोली ख़रिका पहुँची।जहां गौवंश की पूजा अर्चना कर गौ धन को बिचकाया गया।तदोपरांत बाबा हरिदास मंदिर टोली पहुँची जहां देर रात तक दीवारी गायन चलता रहा। दिवारी नृत्य देखने बड़ी संख्या मे लोग पहुँचे।

# माधवनगर में आगजनी कांड के आरोपित को अयोध्या से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर पुलिस ने अगस्त में हुए नाज़िम खान के घर आगजनी कांड के एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया और सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी संजय दुबे के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने दीपोत्सव की भारी भीड़ और सुरक्षा प्रबंधों के बीच अयोध्या (उत्तर प्रदेश) से आरोपी शुभम त्रिपाठी को गिरफ्तार किया। घटना का विवरण26-27 अगस्त 2025 की रात प्रार्थी नाजिम खान के घर के मुख्य द्वार में आग लगा दी गई थी।सीसीटीवी फुटेज में तीन युवक सफेद स्कूटी से आते हुए दिखाई दिए जो ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाकर फरार हो गए थे।घटना के बाद थाना माधवनगर में धारा 326(जी) व 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

### फरारी के दौरान लगातार बदलते रहे ठिकाना

आरोपीगण घटना के बाद लगातार ठिकाने बदलते रहे। पुलिस ने कई जिलों और राज्यों में दबिश दी।पुख्ता सूचना मिलने पर टीम ने अयोध्या पहुंचकर दीपोत्सव की भीड़ के बीच से शुभम त्रिपाठी को गिरफ्तार किया।पूछताछ व आगे की कार्रवाईगिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।पुलिस अब उससे घटना के उद्देश्य और अन्य सहयोगियों के बारे में पूछताछ कर रही है।अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिशें जारी हैं।

**खबर संक्षेप**

### अखिल भारतीय बाघ एवं अन्य वन्य प्राणियों का आंकलन 2026 में भाग लेने हेतु स्वयंसेवको को आमंत्रण

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में अखिल भारतीय बाघ एवं अन्य वन्यप्राणियों का आंकलन (फेज-1 डाटा कलेक्शन) दिनांक 01 दिसम्बर से 07 दिसम्बर 2025 की अवधि में आयोजित किया जाना निश्चित है। इस प्रक्रिया की पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से एवं बाघ संरक्षण में आमजन की सहभागिता की दृष्टि से सीमित संख्या में स्वयं सेवको को सम्मिलित किया जाना है। इस प्रक्रिया में भाग लेने हेतु इच्छुक स्वयंसेवको/अशासकीय संस्था व व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाता है। जो निम्न ई-मेल अथवा उपरोक्त पते पर अपने सादा आवेदन के साथ अपने संस्था की विशिष्टता के बारे में आवश्यक जानकारी के साथ दिनांक 15.11.2025 को सायं 5.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आवश्यक अनुमति से सूचित कर अन्तिम रूप से चयनित स्वयंसेवको को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जावेगा जिसकी पृथक से सूचना प्रदाय की जावेगी। तथा उसी दिन मैदानी स्तर पर आंकलन कार्य हेतु भेजा जावेगा।

### देवीदीन सेन का दुःखद निधन

**पवई।** नगर के प्रतिष्ठित सेन परिवार के रमेश सेन शिक्षक एवं प्रभु सेन के पिता जी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देवीदीन सेन (बब्बा) का 82 वर्ष की आयु मे गुरूवार को दुखद निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही नगर मे शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार राजघाट मुक्तीधाम पवई मे किया गया। सभी ने उन्हे अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दीपोत्सव का आयोजन अब एक नवम्बर को

**पन्ना।** श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास भोपाल द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में स्थानीय धरम सागर तालाब घाट पर वृहद स्तरीय दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पूर्व में यह कार्यक्रम 5 नवम्बर को प्रस्तावित था, लेकिन अब दीपोत्सव कार्यक्रम एक नवम्बर को पूर्व निर्धारित स्थल पर होगा। इसमें जिला प्रशासन के सहयोग से दीपदान कार्यक्रम होगा। साथ ही स्थानीय कलाकारों के माध्यम से रंगोली निर्माण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। घाट पर 11 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। बटुकों द्वारा आरती की जाएगी। इसके अलावा भगवान श्री रामचंद्र जी की रंगोली निर्माण सहित श्री रामचंद्र पर केन्द्रित भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी को दीपोत्सव कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही अन्य अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध घायल

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज कटनी पवई सड़क मार्ग पर वीती देर रात कुदरा मोड पर एक तेज मिनी ट्रक चालक ने लापरवाही से अपना वाहन चलाते हुए एक ऑटो में टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार कई यात्री घायल हो गए और एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया और चालक मोके से ट्रक लेकर भाग गया घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्ध भगवत दीन कुशवाहा पिता भोला प्रसाद कुशवाहा उम्र 90 वर्ष निवासी टपरियन पुलिस थाना अमानगंज जिला पन्ना को गंभीर हालत में अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु दाखिल कराया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया घायल के सर पर गंभीर चोट आई जिसकी वजह से उसकी हालत गंभीर हुई घटना के विषय में पता लगा है कि घायल अपनी रिश्तेदारी में पिपरहा मोहंदरा गया हुआ था और वहां से वापस आ रहा था और रास्ते में यह घटना हुई।

# पन्ना के बृजपुर में पुलिस पर हमला, थाना प्रभारी को कुल्हाड़ी लगी, एसपी निवेदिता मौके पर पहुंचीं







**पन्ना।** पन्ना जिले के ब्रजपुर में पुलिस पर ग्रामीणों द्वारा हमले किए जाने से बड़ा हंगामा हो गया है आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर हमला किया जिसमें थाना प्रभारी को कुल्हाड़ी लगी है पन्ना एसपी निवेदिता नायडू को जैसे ही घटना की जानकारी लगी मुख्यालय से भारी पुलिस बल को लेकर मौके पर पहुंच गई है कई पुलिस वाले घायल हुए हैं और ग्रामीणों ने पुलिस की दो बंदूक छीन ली है वही डीआईजी छतरपुर घटनास्थल के लिए रवाना हो गए, सागर आईजी हिमानी खन्ना ने घटना की तत्काल जानकारी ली है शीघ्र आरोपियों को पकड़ने और कड़ी कार्रवाई करने की निर्देश दिए हैं।

### बिरला अस्पताल में भर्ती कराया गया महेंद्र भदोरिया को

घायल थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया को गंभीर हालत में सतना ले जाया गया है जहां बिरला अस्पताल में भर्ती कराया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल थाना प्रभारी कि सर पर पांच छोटे लगी हैं उन्हें न्यूरो सर्जिकल डिपार्टमेंट में भर्ती कराया गया है और इलाज प्रारंभ कर दिया गया है डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है एमआरआई कराई जाएगी तब चोटों की गंभीरता का पता लग पाएगा। प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार थाना ब्रजपुर के ग्राम धरमपुर अंतर्गत अपराध क्रमांक 86/25 धारा 105 बीएनएस के आरोपी पंचम यादव पिता शिव सिह यादव को पकड़ने ग्राम धरमपुर थाना प्रभारी मय 10 हमराही स्टाफ के रवाना हुये थे, आरोपी की गिरफ्तारी के उपरान्त गाव के करीब 40-50 लोगों के द्वारा इकट्ठा होकर पुलिस टीम पर पथराव किया गया जिसमें थाना प्रभारी उपनिरी महेन्द्र सिह भदोरिया एवं आरक्षक 754 रामनिरंजन को चोटे आई साथ ही अन्य स्टाफ को मामूली चोटे आई है एवं 2 नग रायफल गांव वालो के द्वारा छीन ली गई है। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में थाना ब्रजपुर में रखा गया है।

# निहार वाटिका में जैन समाज ने किया पौधरोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन



**देवेन्द्रनगर।** दिगंबर जैन समाज द्वारा आज निहार वाटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन द्वारा वृक्षारोपण कर की गई जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक शुद्धता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर लगभग 100 वर्षों का वृक्षारोपण किया गया जिसमें मुख्य रूप से फलदार एवं छायादार वृक्षों का चयन किया गया इसका उद्देश्य यह है कि जब भी जैन साधुसंत यहां विश्राम करें उन्हें एक स्वस्थ शांत और प्राकृतिक वातावरण प्राप्त हो। कार्यक्रम में जैन समाज के लगभग 50 सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई समाज के अध्यक्ष श्री प्रदीप जैन द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई वहीं महामंत्री श्री रवि जैन ने भी वृक्षारोपण कर समाज को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में पंडित विवेक जैन द्वारा भी वृक्षारोपण के बारे में प्रकाश डाला गया। इस आयोजन में जैन समाज की पूरी समिति उपस्थित रही जिनमें प्रमुख रूप सेश्री मनीष जैन,इंद्र चंद जैन (जैन सर)सतीश जैन विकास जैन राहुल जैन नितेश जैन प्रशांत जैन लाडो जैन,केवल चंद जैन प्रवीण जैन प्रगिता जैन संजय जैन गड्डे जैन अतुल जैन रवि जैन राहुल जैन मयंक जैन विवेक जैन दीपू जैन आदि गणमान्य सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण नहीं बल्कि सामूहिक चेतना का जागरण और प्राकृतिक संतुलन की स्थापना था डॉ. अभिषेक जैन ने समाज को संदेश दिया कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरणीय कार्य नहीं बल्कि धार्मिक और नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महानुभावों को दोपहर 12:30 बजे मंदिर परिसर में उपस्थित होकर वृक्षारोपण में भाग लेने हेतु आभार व्यक्त किया गया।

### भाई के माथे पर टीका लगा मांगी लम्बी उम्र की दुआ



**अजयगढ़ ।** दीपावली पर्व के बाद कार्तिक मास की द्वितीया तिथि को भाई दोज या यम द्वितीया के नाम से मनाया जाता है। दीपावली का पर्व भाई दूज के आखिरी दिन तक चलता है। गुरुवार को दीपावली के दूसरे दिन देश भर में भाई दूज का पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ पारंपरिक ढंग से मनाया गया।अजयगढ़ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में भी भाई दूज का पर्व प्राचीन परंपरा अनुसार मनाया गया, जहां महिलाओं व बहिनों ने घरों की सामने गोबर से बनी हुई दूज माता, गोवर्धन पूजा करते हुए अपने परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

भाई दूज पर बहनों ने अपने-अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर उनकी लंबी आयु के लिए मंगल कामना की वहीं भाइयों ने भी उनके जीवन भर रक्षा सुरक्षा करने का उन्हें वचन दिया। पौराणिक कथाओं मे भाईदूज पर्व यमराज और यमुना के भाई बहन की मुलाकात के व्रतांत पर आधारित है।

# भाई की लंबी उम्र के लिए बहनों ने उनके माथे पर लगाया तिलक

### महिलाओं ने की दोज पूजा, की मंगल कामना



**पवई।** धनतेरस से शुरू होने वाला पांच दिवसीय दीपावली का त्यौहार भाई दूज के आखिरी दिन तक चलता है। गुरुवार को दीपावली के दूसरे दिन देश भर में भाई दूज का पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ पारंपरिक ढंग से मनाया गया। पूरे जिले सहित पवई नगर एवं क्षेत्र भर में भी भाई दूज का पर्व प्राचीन परंपरा अनुसार मनाया गया,जहां महिलाओं ने घरों की सामने गोबर से बनी हुई दूज माता, गोवर्धन एवं ग्वाल वालों की पूजा करते हुए अपने परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। भाई दूज पर बहनों ने अपने-अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर उनकी लंबी आयु के लिए मंगल कामना की वहीं भाइयों ने भी उनके जीवन भर रक्षा सुरक्षा करने का उन्हें वचन दिया। यह पर्व मुख्य रूप से दो पौराणिक कथाओं पर आधारित है। एक में यमराज और यमुना के भाई बहन की मुलाकात का वर्णन है और दूसरी में भगवान कृष्ण द्वारा नरकासुर का वध करने के बाद उनकी बहन सुभद्रा द्वारा किए गए स्वागत का जिक्र है। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। इस दिन बहन अपने भाई के माथे पर तिलक करती है और उनकी लंबी उम्र के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती है। भाई भी अपनी बहन की उम्र भर रक्षा करने का वचन देते हैं और उन्हें विभिन्न प्रकार के उपहार सप्रेम भेंट करते हैं। रक्षाबंधन की भाई दूज प्रेम सुरक्षा और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है जो भाई बहनों को एक दूसरे की देखभाल करने की याद दिलाता है वहीं दूसरी ओर दीपावली की भाई दूज अनुष्ठानिक, आशीर्वाद समृद्धि और पारिवारिक सम्मान पर जोर देता है।

# पूर्व पति ने अपने साथियों के साथ मिल कर लाठी डंडों से की पत्नी की हत्या



### 10 साल पहले अपने 5 बच्चों को छोड़ भागी थी अपने प्रेमी के साथ

**अजयगढ़।** पन्ना जिले के अजयगढ़ थान क्षेत्र के ग्राम वीरा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है जहाँ पहले पति ने अन्य साथियों के साथ मिल कर गांव में बने उसके खेत के घर पर पहुँच कर अपनी पत्नी के ऊपर लाठी डंडों से हमाल कर दिया।

**जब लौटी फिर से गांव तो पति ने लिया पत्नी से बेवफाई का बदला**

जिसमें 48 वर्शिय रामकली कोहरी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलते ही गांव पहुँच कर लाष को पोस्टमार्टम में भेजा गया। इस पूरी घटना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथम द्रश्टीय विवेचना में यह तथ्य सामने निकल कर आये है कि। महिला का विवाह लाला कोरी के साथ लगभग 15 वर्श पहले हुआ जिसके 3 लड़की दो लकड़े थे। लेकिन महिला अपने प्रेमी के साथ पति और बच्चों को छोड़ कर अपने प्रेमी राम दास धोवी के साथ 2007 में दूसरे षहर भाग गई। जिसके बाद पति के द्वारा पांचों बच्चों की परवरिष की लेकिन तीन साल पहले फिर महिला अपने प्रेमी के साथ रहने गांव वीरा आ गई और तभी से पूर्व पति के जख्म फिर से हरे हुए और प्रतिषोध की भावना से इस पूरे घटना अंजाम दिया गया। इस पूरे घटना क्रम ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी और ग्राम पंचायत से लेकर मुख्यालय तक चर्चा का बाजार गर्म हो गया कि पति ने पत्नी के वेबफाई बदला ले लिया। वही पुलिस के द्वारा आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है ओर मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# नगर के गुनौर रोड पर उड़ रहे धूल के गुबार



### थाना तिराहा से पानी टंकी तक गुनौर रोड की हालत जर्जर, पैदल चलना भी हुआ दुश्वार

**अमानगंज, पन्ना।** जिले के नगर अमानगंज में थाना तिराहा से पानी की टंकी तक गुनौर रोड की हालत जर्जर देखी जा रही है जिसमें वाहन तो दूर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। सड़क में बड़े बड़े गहरे गड्ढे हो गए हैं सड़क पर गिट्टी उखड़ी पड़ी है। सड़क के दोनों ओर दुकानें स्थित हैं और जब यहां से वाहन गुजरते हैं तो सड़क पर पड़ी गिट्टी उचट कर लोगों को लगकर चोटिल कर देती है। जो यदि किसी के आंख में लग जाए तो वह काना भी हो सकता है। पते कि बात यह है कि बीते माह प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री अमानगंज हेलिकाप्टर से आए थे उसी दिन उनके अमानगंमें में उतरने तक स्थानीय स्टेडियम के सामने सड़क पर गिट्टी गड्ढों को ढकने के लिए बिछाई जा रही थी। जहां वीआईपी अधिकारियों की गाड़ी पार्क करने के लिए अस्थाई पार्किंग बनाई जा रही थी और जैसे ही मुख्यमंत्री जी का उड़न खटोला आसमान की ओर उड़ा तो तुरंत सड़क निर्माण का काम बंद कर दिया गया। सड़क पर बिछाई गई गिट्टी पर न पानी डाल कर बेलन चलाया गया और न डामल का प्रयोग किया गया, जिससे आज वह सड़क पर गिट्टी चारों ओर बिखरी पड़ी हुई दिखाई दे रही है। यह रोड नगर अमानगंज के साप्ताहिक बाजार से सटा हुआ है जिस पर वाहनों का आवागमन भारी संख्या में होता है। अमानगंज का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं वन विभाग का रेंज ऑफिस और थाना परिसर भी इसी रोड के बगल में है जिससे यह मार्ग सबसे अधिक व्यस्ततम रहता है लेकिन प्रशासन की उदासीनता की वजह से सड़क का हाल बेहाल बना हुआ है। जब बड़े वाहन सड़क से गुजरते हैं तो धूल के ऊंचे-



ऊंचे गुब्बारे उड़ते हैं और वाहन हिचकोरें खाते चलते हुए दिखाई देते हैं। तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर से लेकर बड़े-बड़े अधिकारी भी इसी रोड से गुजरते हैं और रोड की हालत देखकर अपनी उदासीनता और बेबसी दिखाकर निकल जाते हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में सुनी समस्याएं

### भ्रमण एवं सतत मॉनिटरिंग के जरिए समय सीमा में हितग्राहीमूलक योजनाओं और गतिविधियों के क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न जिलों के आवेदकों की समस्याएं सुनकर निराकरण किया। इस मौके पर अधिकारियों को समय सीमा में आमजनों की समस्याओं के प्रभावी निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही विभागवार योजनाओं और गतिविधियों का क्रियान्वयन भी भ्रमण और सतत मॉनिटरिंग के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर ऊषा परमार एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू सहित डीएफओ गर्वित गंगवार एवं अनुपम शर्मा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी एवं संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र सिंह धुर्वे भी उपस्थित रहे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न स्तर पर संचालित ऑनलाइन पोर्टल और हेल्पलाइन व्यवस्था की तकनीकी समस्याओं का अविलंब निराकरण कर एक माह में विशेष अभियान के जरिए सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का निराकरण किया जाए। कंट्रोल रूम पर कम्यूनिकेशन का भी समुचित प्रबंध हो। वर्षाकाल समाप्त होने के उपरांत अब समय सीमा में आम जनता से जुड़े सड़कों तथा अन्य मुद्दों का निपटारा किया जाए। सभी अधिकारी जनता की समस्याएं कम करने की दिशा में विशेष ध्यान दें। जिला कलेक्टर्स शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति प्रकरणों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें। संस्थाओं का समय-समय पर औचक निरीक्षण भी किया जाए। सरकारी योजनाओं की सब्सिडी राशि का भुगतान भी समय पर हो, इसके लिए बैंक स्तर पर जरूरी समन्वय करें। मुख्यमंत्री ने खाद बीज की कालाबाजारी पर रोकथाम के निर्देश भी दिए। साथ ही एक से 3 नवम्बर तक मध्यप्रदेश के तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह में रोजगार एवं उद्योग की थीम पर केन्द्रित गतिविधियों को अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए भी कहा। आगामी 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के दृष्टिगत उन्होंने विशेष निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्त अधिकारी समय-समय पर शासन से जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

### पत्रकार के पुत्र पर जानलेवा हमला, आरोपी फरार



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर में कुछ असामाजिक तत्वों ने नगर का माहौल खराब करने के उद्देश्य से पत्रकार के पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि बीती शाम दिनांक 22 अक्टूबर को शाम लगभग 6 बजे नगर अमानगंज के साप्ताहिक बाजार में नगर के वरिष्ठ पत्रकार चंपत राय तिवारी के पुत्र सत्यम तिवारी उम्र 35 वर्ष के ऊपर कुछ असामाजिक तत्वों ने अचानक जानलेवा हमला कर दिया और मारपीट करने वाले हमलावरों ने उसके साथ मारपीट करने के बाद मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालकर नगर का माहौल खराब करने का भी प्रयास किया गया। इस मारपीट में युवक सत्यम तिवारी बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें तत्काल उनके भाई संदीप तिवारी द्वारा अमानगंज अस्पताल में ईलाज के लिए दाखिल कराया गया और समुचित इलाज और मेडिकल परीक्षण न हो पाने के कारण जिला चिकित्सालय पन्ना ले जाया गया। इसके पहले फरियादी सत्यम तिवारी ने पुलिस थाना अमानगंज पहुंचकर घटना की सूचना दी जिस पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी रोहित शर्मा और ठोकिया शर्मा के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### पुलिस स्मृति दिवस पर हुआ एक शाम देश के नाम कार्यक्रम

**ईशानगर।** कस्बे के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में नव साहित्य एवं सांस्कृतिक परिषद द्वारा दीपावली और पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर एक शाम देश के नाम भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय कवियों ने राष्ट्रभक्ति की रचनाओं से समां बांधा, जबकि सेना और पुलिस बल के सम्मान में अधिकारियों को सम्मानित किया गया। गौ पूजन, गोवर्धन पूजन और भगवान लक्ष्मी नारायण के पूजन के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकार को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष डॉ. हरीश मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि उपनिरीक्षक मनोज गोयल और विशिष्ट अतिथि आरक्षक राघवेंद्र सिंह व भरत को स्मृति दिवस पर सम्मानित किया गया। स्थानीय पत्रकार अरविंद असाटी को उनके उत्कृष्ट पत्रकारिता कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ पूजन, गोवर्धन पूजन और श्री लक्ष्मी नारायण भगवान के पूजन से हुआ। स्थानीय कवियों ने अपनी राष्ट्रभक्ति पूर्ण रचनाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन रिटायर्ड शिक्षक शंभु दयाल चाउदा ने किया, जबकि परिषद के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद गुप्त किंकर ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वागत मुन्ना तिवारी भेलसी, रघुवीर सिंह, गुड्डू दुबे और मुन्नू विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में श्री गोवर्धननाथ को प्रसाद अर्पित किया गया। इस अवसर पर सरपंच निधि जलज मिश्रा, छोटू तोमर, बालकिशन असाटी, कैलाश अग्रवाल, सुदीप तिवारी, संतोष दीक्षित सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म के इनामी आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



**छतरपुर।** थाना बक्सवाहा पुलिस ने दुष्कर्म के प्रकरण के 5000 के इनामी आरोपी राजेंद्र यादव पिता मुन्ना लाल यादव उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम लुढ़यारा थाना शाहगढ़ जिला सागर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बक्सवाहा निरीक्षक जितेंद्र वर्मा, उप निरीक्षक अवधेश दुबे, आरक्षक राजकुमार, सतीश एवं पुलिस टीम की भूमिका रही है। न्याय पथ अभियान के तहत पूर्व में थाना नौगांव पुलिस द्वारा 25 वर्ष पुराने अपहरण, दुष्कर्म के प्रकरण के आरोपी, 17 वर्ष पुराने हत्या के प्रयास प्रकरण के आरोपी, थाना बमीठा पुलिस द्वारा 14 साल पुराने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के फरार आरोपी, मातगुवां पुलिस द्वारा 10 साल पुराने लूट एवं एनडीपीएस के आरोपी, जुझार नगर पुलिस द्वारा 25 वर्ष पुराने छेड़छाड़ तथा 3 वर्ष पुराने मारपीट अवैध हथियार के आरोपी, बिजावर पुलिस द्वारा 7 वर्ष पुराने चोरी के प्रकरण के आरोपी, थाना गौरिहार पुलिस द्वारा 17 वर्ष पुराने चोरी के आरोपी, थाना गढ़ी मलहरा पुलिस द्वारा 17 साल पुराने धोखाधड़ी प्रकरण के आरोपी तथा थाना ओरछा रोड पुलिस द्वारा 21 एवं 20 साल पुराने चोरी के प्रकरण के आरोपी सहित 550 से अधिक प्रकरणों के 6 लाख रुपये से अधिक के इनामी आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

## 24 जुआरी गिरफ्तार 14 लाख 10 हजार, 3 कार 26 मोबाईल मौके से बरामद

# जुआड़ियों में काग्रेस एवं भाजपा नेता, एसडीओ मेडीकल व्यापारी शामिल

दीपावली के अवसर पर पुलिस द्वारा लगातार जुआ के फडों पर कार्यवाही की जा रही थी लेकिन थाना सिविल लाईन पुलिस ने बुधवार की रात को देरी रोड़ में महार्षि स्कूल के पीछे छापामार कार्यवाही करते हुए सबसे बड़ा जुआ का फड पकड़ा और मौके से 14 जुआडियों को गिरफ्तार किया उनके पास से 14 लाख 10 हजार रूपए नगद और 3 कार व 26 मोबाईल बरामद किए गए



**छतरपुर।**

पकड़े गए जुआडियों में कांग्रेस एवं भाजपा नेता, एक एसडीओ मेडीकल व्यापारी एवं सट्टा कारोबारी राहुल शुक्ला भी शामिल है। कांग्रेस नेता संतोष अग्रवाल जो जुआ में पकड़े गए है। वह छतरपुर विधानसभा से कांग्रेस पाट्री से विधायक का चुनाव भी लड़ चुके है भले ही उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। एक मेडीकल व्यापारी सुनील चौबे जैसे ही जुए में पकड़े गए थाने पहुंचते ही उनकी तबियत खराब हो गई और जब थाने से अस्पताल ले जाने लगे तो उन्होंने थाने का पर्दा उठाकर अपना मुंह ढक लिया। 21 जुआडियो को तहसीलदार के यहां पेश किया गया जहां से उन्हें जमानत मिल गई तो वही तीन को थाने से ही जमानत दे दी गई थी।

देरी रोड में जो जुआ का फड चल रहा था उसमें जो 24 जुआड़ी पकडे गए है उनमें इन्द्रजीत सिंह पिता सुमरत सिंह बुदेला गठेवरा महेश पिता मुरारी लाल रैकबार सौरा रोड़, संतोष पिता द्वारका प्रसाद अग्रवाल गांव की देवी छतरपुर, सुनील कुमार चौबे पिता जगदीश प्रसाद चौबे बस स्टैण्ड, रामभरत पटेल पिता मंगलदीन पटेल देरी रोड़, सुशील अवस्थी पिता रामरतन अवस्थी चौबे कालोनी, राहुल शुक्ला पिता जागेश्वर शुक्ला बिष्णु बिहार कालोनी, देवीदीन पिता कामोदा कुशवाहा ललोनी, ओमप्रकाश दुबे पिता राधिका प्रसाद दुबे परिहार मार्केट, शैलेन्द्र उर्फ सलील गुप्ता पिता बाबुलाल गुप्ता बजरिया, सीताराम उर्फ उपकार असाटी पिता शांतकुमार हटवारा, बीरेन्द्र पिता मुन्नालाल पाण्डेय खैरी , सुर्यप्रताप सिंह पिता बहादुर सिंह आजाद चौक, अशुंल पिता रामकृपाल मिश्रा चन्द्रपुरा, मंगलसिंह पिता शंत्रुघन सिंह चौहान पठापुर रोड़, हर्ष यादव पिता मुलायम सिंह यादव रेडियो कालोनी, कैलाश पिता राजाराम मिश्रा चन्द्रपुरा, संतीष कुमार खरे पिता सोहन लाल खरे देरी रोड़, अजय कुमार अग्रवाल उर्फ मम्मु चौधरी पिता अशोक कुमार अग्रवाल हटवारा, अरूण कुमार गुप्ता पिता देवराज गुप्ता बिजावर नाका, लखन पचौरी पिता रामस्नेही महेबा थाना गोयरा, श्रषि सिंह पिता पंचम सिंह नारायण पुरा रोड़ के अलावा और भी लोग शामिल है। सभी के विरूद्व मामला दर्ज कर तहसील में पेश किया गया।

### पूरे दिन माहौल रहा शरगर्म

जुआ का यह बड़ा फड़ पकडे जाने के बाद पुरा दिन माहोल गरमाया रहा यहां तक की चर्चा होती रही कि जुआ के फड से बड़ी रकम पकड़ी गई थी लेकिन 14 लाख 10 हजार जप्ती ही दिखाई गई अब सच्चाई क्या है यह पुलिस बता सकती है। वहीं जब जुआडिय़ो को तहसील में पेश किया गया तब भी माहोल गरमागरम रहा जुआडिय़ो के समर्थकों से मीडिया के लोगों की कई बार बहस भी हुई बाद में बंद कमरे में सुनवाई कर सभी को धारा 151 में जमानत दे दी गई कई लोग अपने नाम कटवाने की फिराक में लगे रहें लेकिन सफलता नही मिल सकी लेकिन चर्चा यह भी है कि कुछ नाम हटा भी दिए गए है। लेकिन जुआ के फड से नामचीन जुआरी पकड़े जाने से माहौल काफी चर्चाओं में रहा है। कई जुआड़ी आदतन है पहले भी पकड़े जा चुके है।

## कीटनाशक पीकर बीए के छात्र ने की आत्महत्या

### परिवार ने लगाया प्रेम-प्रसंग के चलते हत्या का आरोप

**छतरपुर।**



सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बरायचखेरा के एक छात्र ने पिछले दिनों कथित तौर पर कीटनाशक का सेवन कर लिया था। करीब एक सप्ताह तक इलाज के बाद गुरुवार को छात्र ने दम तोड़ दिया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इसी बीच मृतक के चचेरे भाई ने प्रेम-प्रसंग के चलते हत्या किए जाने का संदेह जताया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बरायचखेरा निवासी 22 वर्षीय देवीदीन प्रजापति महाराजा कॉलेज में बीए फाइनल का छात्र था। 16 अक्टूबर को देवीदीन ने कथित तौर पर कीटनाशक का सेवन किया था, जिसके बाद से वह अस्पताल में भर्ती था, गुरुवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। देवीदीन के चचेरे भाई कुंवर लाल प्रजापति ने बताया कि देवीदीन कॉलेज में साथ पढऩे वाली एक कुशवाहा समाज की लड़की से बात करता था, जिससे लड़की का पिता गनेशी कुशवाहा नाराज था। कुंवर लाल प्रजापति ने बताया कि 16 अक्टूबर को देवीदीन का एक दोस्त उसे जिला अस्पताल लेकर आया था और उसने ही फोन पर परिजनों को सूचना दी थी।

कुंवर लाल को संदेह है कि गनेशी ने 16 अक्टूबर को लड़की से फोन करवाकर देवीदीन को बुलाया। इसके बाद उसे गोपालपुरा गांव के खेत में ले जाकर बंधक बनाया। उसके साथ लात-घूंसों और डंडों से बेरहमी से मारपीट की गई और फिर जबरन उसे गेहूं में डालने वाली कीटनाशक दवा पिला दी। 16 अक्टूबर की रात 8 बजे उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्वालियर रेफर कर दिया था। 22 अक्टूबर की रात को परिवार उसे वापस जिला अस्पताल लाए थे, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। गुरुवार की दोपहर में जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया।

**इनका कहना है -**

मामला दर्ज कर लिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

**अरविंद दांगी,**
**थाना प्रभारी, सिटी कोतवाली**

# आदिवासी परिवारों के साथ योगा स्टार परिवार ने मनाई दिवाली

**छतरपुर।**




सागर रोड स्थित छात्रावास के पीछे घुमक्कड़ एवं अद्र्ध घुमक्कड़ बस्तियों में रहने वाले गोंड आदिवासी परिवारों के बीच पहुंच कर योगा स्टार परिवार ने दीपावली का पर्व मनाया और उनके साथ खुशियां बांटी।

योगा स्टार परिवार के सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विभाग कार्यवाह भालचंद्र नातू के आवाहन पर सागर रोड स्थित छात्रावास के पीछे जरूरतमंद गरीब बस्तियों में पहुंचकर वहां पर रहने वाले 12 परिवारों से मिले एवं उनका हाल जाना तथा जब देखा कि यह परिवार ढोलक मढऩे एवं चद्दर से उपयोगी बस्तियां बनाने वाले लोग रहते हैं और लगभग 35 वर्षों से यहाँ रह रहे हैं जिनकी झोपडिय़ों में ना ही लाइट है ना कोई और व्यवस्था है ऐसे में दीपावली के पर्व पर उनके जीवन में कुछ उजाला लाने का प्रयास योगा स्टार परिवार के व्यापारियों ने पहुंच कर उनके साथ दिवाली मनाई 12 परिवारों को मिठाई पटाखे एवं साडिय़ां लक्ष्मी जी की फोटो भेंट की और उन्हें हर संभव मदद करने की बात कही। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विभाग कार्यवाह भालचंद्र नातू ने कहा समाज की जिम्मेदारी है हम सभी इनके बीच में काम करें। इस अवसर पर योगा स्टार परिवार के समाजसेवी गिरजा पाटकर, मनीष गुप्ता, भोले, संजय जैन, राजेंद्र पिपरसानिया, राजेंद्र राय, रज्जू प्रदीप दुबे, राजेद्र खरे, मनोज जैन उपस्थित रहे।

## शराबबंदी पर कायन ग्राम पंचायत का ऐतिहासिक संकल्प

# नशा बेचने-पीने वालों पर लगेगा 51 हजार जुर्माना



### महिलाओं की पहल से जागा गांव, शराबबंदी पर पंचायत का सख्त फरमान

**बड़ा मलहरा।**

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कायन ने आज एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए गांव में पूर्ण शराबबंदी की घोषणा कर दी। पंचायत में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि गांव की सीमा में अब कोई भी व्यक्ति शराब नहीं बेचेगा और न ही पिएगा। यदि कोई व्यक्ति शराब बेचते हुए पाया गया तो उस पर 51,000 का जुर्माना लगाया जाएगा, वहीं शराब पीने वालों से 11,000 वसूले जाएंगे।

यह निर्णय 23 अक्टूबर 25 को सरपंच पुत्र एवं वरिष्ठ पंचों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि जुर्माने की राशि ग्राम विकास समिति में जमा की जाएगी तथा शराब पीने या बेचने वालों के खिलाफ पंचायत स्तर पर कड़ी कार्रवाई होगी। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि नशे के कारण परिवार टूट रहे हैं और युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। इसीलिए महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के आग्रह पर यह निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निश्चय हुआ कि यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है तो उसकी वीडियो बनाकर प्रमाण पंचायत में पेश करने पर उससे तत्काल जुर्माना वसूला जाएगा और जानकारी देने वाले को उक्त राशि से 1100/- रुपये पुरूस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। इस संकल्प पत्र पर ग्राम कायन के सरपंच, सचिव,पंचों एवं ग्रामीणों के हस्ताक्षर और अंगूठे अंकित किए गए हैं। पंचायत ने यह भी तय किया है कि नशा छोडऩे वालों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जा सके।

# खजुराहो में वाहन पार्किंग शुल्क के नाम से लुट रहे पर्यटक

### ठेकेदार के अनाधिकृत तत्वों द्वारा गुंडागर्दी से वसूल की जा रही 5 गुनी तक राशि

### ज्यादा शुल्क लेने पर ठेकेदार तथा वसूलने वालों पर कराई जाएगी एफ़.आई.आर.

**खजुराहो।**



विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों से उनके वाहनों का नगर प्रशासन द्वारा निर्धारित शासन की नीतिगत वाहन विराम शुल्क के स्थान पर 5 गुनी राशि तक वसूल की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर प्रशासन द्वारा चार पहिया वाहनों से 20/- रुपए तथा 6 पहिया बस, ट्रक आदि वाहनों से 50/- रुपए हेतु शासन द्वारा निर्धारित पार्किंग शुल्क निर्धारित की गई है। परन्तु इस वर्ष पार्किंग का ठेका लेने वाले दुर्गेश ठेकेदार के लोगों द्वारा खजुराहो आने वाले पर्यटकों से उनके चार पहिया वाहनों का पार्किंग शुल्क के लिए निजी रसीदें बुक छपवाकर 50 से 100 रुपए वसूल किए जा रहे हैं, जबकि पार्किंग शुल्क के लिए नगर परिषद द्वारा जारी रसीद बुकें नंबरों सहित जारी की गई हैं। इस संबंध में नगर परिषद खजुराहो प्रशासन द्वारा पूर्व में स्पीकर पर अनाउंसमेंट भी कराया गया, जिसमें चार पहिया वाहन (कार-जीप) से 20/-रुपए तथा 6 पहिया वाहन ( ट्रक) आदि से 50/-रुपए नगर प्रशासन द्वारा निर्धारित है इसके अलावा अतिरिक्त शुल्क लिया गया तो धारा 420 के तहत संबंधित पर एफ़.आई.आर.दर्ज कराई जाएगी। नगर परिषद के उक्त कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की थी।

**इनका कहना है -**

मुझे आपसे जानकारी मिली है मैं संबंधित प्रभारी को भेजकर जांच करवाता हूं,गड़बड़ी पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**बसंत चतुर्वेदी,**
**सीएमओ खजुराहो**



## खजुराहो में भाई-बहनों ने बड़े धूमधाम से मनाया भाईदोज का पर्व

**खजुराहो।** दीपावली के पश्चात आने वाले स्नेह और प्रेम के पर्व भाईदोज को खजुराहो क्षेत्र में बड़ी ही हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपने स्नेह और संरक्षण का वचन दिया। शहर के विभिन्न मोहल्लों और गांवों में सुबह से ही त्योहारी रौनक दिखाई दी। बाजारों में मिठाइयों और उपहारों की खरीदारी होती रही। बच्चों में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। भाई-बहन के प्रेम का यह पर्व खजुराहो की सामाजिक और पारिवारिक एकता को और प्रगाढ़ करता है।

# मनोज कुमार जैन की पुस्तक तुम कुछ भी कहो का भव्य विमोचन

**बड़ा मलहरा।**

बक्सवाहा में महावीर के निर्वाण कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर बकस्वाहा नगर में पंडित मनोज कुमार जैन की नवीन पुस्तक तुम कुछ भी कहो का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया। यह प्रेरणादायी पुस्तक जैन धर्म के दर्शन,नैतिकता,सामाजिक मूल्य और आत्म-चिंतन जैसे विषयों पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य युवाओं में धर्म और जीवन-मूल्यों के प्रति जागृति लाना है।

कार्यक्रम में देशभर के जैन शिक्षण संस्थानों के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिनमें श्री समंतभद्र शिक्षण संस्थान द्रोणागिरी, नंदीश्वर विद्यानिकेतन खनियाधाना, आचार्य धरसेन सिद्धांत महाविद्यालय कोटा, सन्मति संस्कार विद्या निकेतन कोटा, शाश्वत कन्या निकेतन उदयपुर, टोडरमल सिद्धांत महाविद्यालय जयपुर,कहान शिशु विहार सोनगढ़ और श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर प्रमुख हैं। इस अवसर पर कुंद कुंद कहान मुमुक्षु मंडल,बकस्वाहा द्वारा बाल प्रतिभागियों का सम्मान भी किया गया।



डॉ. जीवन प्रसाद जैन ने कहा कि तुम कुछ भी कहो युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक ग्रंथ है, जो उन्हें धार्मिक अध्ययन के साथ-साथ जीवन में नैतिकता अपनाने की प्रेरणा देता है। वहीं पंडित लल्लन प्रसाद जैन ने बताया कि यह पुस्तक जैन दर्शन के गूढ़ सिद्धांतों को सरल भाषा में प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम में संतोष शास्त्री,अभय शास्त्री, सनत शास्त्री, समकित शास्त्री, रिया शास्त्री, अध्यात्म प्रकाश सांघेलिया,अभय संधेलिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

लेखक पंडित मनोज कुमार जैन ने बताया कि यह पुस्तक उनके स्वाध्याय और साधना का परिणाम है,जिसमें उन्होंने चौबीस तीर्थंकरों के दर्शन, पूजा के रहस्य और जैन ग्रंथों के सार को आमजन की भाषा में पिरोया है। उन्होंने कहा यह पुस्तक मात्र ग्रंथ नहीं,जीवन में धर्म,नैतिकता और आत्म-चिंतन का मार्ग दिखाने वाली साधना है। इस आयोजन में मुमुक्षु मंडल बकस्वाहा के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार जैन और संरक्षक जमुना प्रसाद जैन का विशेष योगदान रहा।

# अधिकारी हर दिन 4 से 5 बजे तक करें सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण

# कमिश्नर सीएम हेल्पलाइन में 100 दिन से अधिक की सभी शिकायतें निराकृत करें

कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि संभाग, जिला और विकासखण्ड स्तर के सभी अधिकारी प्रतिदिन 4 से 5 बजे तक सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें। जब तक सभी प्रकरण निराकृत नहीं हो जाते तब तक प्रत्येक शनिवार को भी प्रकरणों का निराकरण करें।



रीवा ।

लंबित प्रकरणों में उचित कार्यवाही करके तथ्यपूर्ण प्रतिवेदन दर्ज कराएं। संभागीय अधिकारी भी प्रतिदिन लंबित प्रकरणों के कम से कम पाँच आवेदकों से फोन के माध्यम से स्वयं संपर्क करें। महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, ऊर्जा विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकाय लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। कमिश्नर ने कहा कि मांग आधारित आवेदनों में समुचित प्रतिवेदन दर्ज कर इन्हें बंद कराएं। बजट के अभाव में लंबित प्रकरणों के लिए तत्काल बजट की मांग करें। पीएचई तथा राजस्व विभाग के अधिकारी अभियान चलाकर हैण्डपंपों के अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायतों का निराकरण करें। संभागीय अधिकारी लंबित प्रकरणों के संबंध में अधीनस्थ जिलाधिकारी, विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी और मैदानी अधिकारियों से जानकारी लें। मैदानी अधिकारियों पर जिम्मेदारी निर्धारित करने पर ही प्रकरणों का निराकरण होगा। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही करें। अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण तीन दिवस में ऑनलाइन और आफलाइन दर्ज कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संयुक्त संचालक कृषि खाद और बीज की उपलब्धता तथा वितरण के संबंध में प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। खाद के रैक प्राप्त होने की जानकारी किसानों तक पहुंचाएं। किसानों को डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक खाद के उपयोग के लिए प्रेरित करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरीय निकायों में विशेष अभियान चलाकर बाजारों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कराएं। नालियों और खाली पड़े प्लाटों से भी कचरे का उठाव कराएं। लोक निर्माण विभाग, एनएचआई तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अधिकारी वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़क ओवर ब्रिज तथा पुलों में सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराएं। बेला से सतना रोड, बेला में सतना और रीवा रोड के जंक्शन तथा चित्रकूट रोड में सुधार का कार्य तत्काल कराएं। सड़क दुर्घटनाओं में मृत पशुओं को तत्काल सड़क से हटाने की व्यवस्था करें। सभी राजस्व अधिकारी धान, कोदो तथा सोयाबीन के उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों के रकबे का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करें। बैठक में सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी ने बताया कि संभाग में आगामी फसल के लिए 2.20 लाख क्विंटल बीज की मांग है। इसके विरूद्ध दो लाख 11 हजार क्विंटल बीज उपलब्ध हो गया है। इसका जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किसानों को वितरण किया जाएगा। संभाग में 10122 टन यूरिया तथा 9200 टन डीएपी एवं 8465 टन एनपीके खाद उपलब्ध है। बैठक में मुख्य अभियंता ऊर्जा प्रमा पाण्डेय ने बताया कि चित्रकूट के लिए 33 केव्ही की नई लाइन बनाई जा रही है। इसमें 16 किलोमीटर क्षेत्र में वन भूमि से निर्माण कार्य की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन वन विभाग को किया गया है। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दो ट्रैक्टर ट्रालियों के बीच टक्कर, दर्जन भर घायल

रीवा । दो ट्रैक्टर ट्रालियों के बीच बुधवार की शाम टक्कर हो गई। हादसे में दर्जन भर लोग घायल हो गए। उनको इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। वहीं गंभीर रूप से गए चार लोगों को संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। मनगवां थाने के सर गांव से एक परिवार के दर्जन पर लोग ट्रैक्टर से सिरमौर बरहों संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वे गढ़ थाने के अमहा गांव के पास पहुंचे, तभी वहां से एक दूसरे ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। इस दौरान उनमें सवार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तत्काल घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने नगर निगम की पहल



रीवा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत नगर निगम की स्वच्छता टीम ने शहर में स्वच्छ दीपोत्सव थीम के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान चलाया। गुरुवार को टीम वार्ड क्रमांक 18 साईं मंदिर के सामने पहुँची, जहाँ दुकानदारों को स्वच्छता के महत्व और सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। अभियान के दौरान स्वच्छता टीम ने बाजारों, दुकानों और प्रतिष्ठानों का भ्रमण करते हुए व्यापारियों व नागरिकों से अपील की कि दीपावली और अन्य त्यौहारों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करें। टीम ने कहा कि प्लास्टिक थैली, कप, प्लेट और पैकिंग सामग्री के स्थान पर कपड़े, कागज या जूट के थैले अपनाना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम है। नगर निगम की ओर से इस अवसर पर दुकानदारों और ग्राहकों को कपड़े के थैले वितरित किए गए।

### 2312 मीट्रिक टन यूरिया तथा 1230 मीट्रिक टन डीएपी है उपलब्ध

रीवा । किसानों के लिए खाद की समुचित व्यवस्था की गयी है। रीवा जिले में सहकारी समिति विपणन संघ तथा निजी विक्रेताओं के पास 23 अक्टूबर की स्थिति में 2312.62 मीट्रिक टन यूरिया तथा 1230.40 मीट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध है। इसके साथ-साथ जिले में 1822.10 मीट्रिक टन एनपीके, 34.35 मीट्रिक टन एमओपी, 3198.80 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट तथा 64.22 मीट्रिक टन एफओएम भी उपलब्ध है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि जिले के किसान खाद की आपूर्ति के लिए चिंतित न हो। खाद की नियमित आपूर्ति जारी है। किसानों को अगले एक सप्ताह तक जितनी खाद की जरूरत उसी अनुसार खरीद करें। उप संचालक ने बताया कि अब तक किसानों को 2775.81 मीट्रिक टन यूरिया तथा 1529. 20 मीट्रिक टन डीएपी का वितरण किया जा चुका है। इसी तरह किसानों को 1082.40 मीट्रिक टन एनपीके, 3.77 मीट्रिक टन एमओपी, 246.50 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट तथा 26.61 मीट्रिक टन एफओएम खाद का वितरण किया जा चुका है।

### राजस्व अधिकारी राजस्व अभिलेखों में 30 अक्टूबर तक अनिवार्यतः इस्तलाबी सुनिश्चित करायें

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व अभिलेखों में 30 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाकर पारित आदेशों का शत प्रतिशत इस्तलाबी सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में राजस्व प्रकरणों में आदेश पारित होने के बावजूद भी राजस्व अभिलेखों में आदेशों की इस्तलाबी नहीं की जाती जो पदीय दायित्व के प्रति लापरवाही है। कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा भी तत्संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए प्रतिदिन की कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिये हैं।

### निकायों की मतदाता सूची के संबंध में आज तक लिए जाएंगे आपत्ति

रीवा । सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण एक जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जा रहा है। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पहले 13 नवंबर को होना था। अब 21 नवम्बर 2025 को होगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जा चुका है।

## सी.एम. केयर योजना से सुपर स्पेशालिटी सेवाओं का होगा विस्तार



रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुलभ बनाने के लिए समयबद्ध कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नर्स एवं नर्सिंग शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए तथा ए.एन.एम. काउंसलिंग का कार्य समय पर सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन से संबंधित कार्यवाही निर्धारित समय में पूर्ण की जाए। अधोसंरचना विकास के साथ आवश्यक पदों के प्रस्ताव भी एक साथ भेजे जाएं ताकि किसी स्तर पर विलंब न हो। उन्होंने सागर मेडिकल कॉलेज के यूजी हॉस्टल के उन्नयन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने और सीएसआर फंड से रीवा मेडिकल कॉलेज में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग प्रारंभ करने के लिए आवश्यक औपचारिकताओं की प्राथमिकता से पूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की पोस्टिंग शीघ्र की जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सी.एम. केयर योजना के अंतर्गत कैंसर उपचार सेवाओं के लिए अधोसंरचना विकास एवं उपकरणों से संबंधित विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर कैबिनेट अनुमोदन हेतु भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सी.एम. केयर योजना से सुपर स्पेशालिटी चिकित्सा सेवाओं का विस्तार होगा। योजना के प्रथम चरण में पूर्व से स्थापित चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, रीवा एवं सागर में सुपर स्पेशालिटी सेवाएं विकसित की जाएंगी और नए विभाग स्थापित किए जाएंगे। योजना में मुख्य रूप से ह्मदय रोग, कैंसर रोग और ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन संबंधी चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार तीन चरणों में किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में इन मेडिकल कॉलेजों में प्राथमिक ह्मदय रोग एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजी सेवाएं संचालित हैं, जिनका विस्तार योजना के तहत किया जाएगा। योजना के अंतर्गत नवीन सुपर स्पेशालिटी अस्पतालों की स्थापना तथा शासकीय क्षेत्र में सुपर स्पेशालिटी कोर्स संचालित करने योग्य संस्थान बनाये जाने पर भी चर्चा की जा रही है। प्रमुख सचिव संदीप यादव एवं प्रभारी आयुक्त विशेष गढ़पाले, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अरुणा कुमार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मेडिकल स्टोर को किया गया सील

रीवा ।

कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर रीवा शहर में संचालित अन्नपूर्णा मेडिकल स्टोर को अग्रिम आदेश तक के लिये सील कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अन्नपूर्णा मेडिकल स्टोर के संचालक का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें उनके द्वारा नकली दवाई विक्री किये जाने का जिक्र किया गया था। कलेक्टर ने सोशल मीडिया में वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए तत्काल टीम गठित कर मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण टीम ने अन्नपूर्णा मेडिकल स्टोर को अग्रिम आदेश तक के लिये सील कर दिया है। विस्तृत जांच के उपरांत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण टीम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, ड्रगइस्पेक्टर रेशू ठाकुर, डीएचओ प्रथम डॉ. के.डी. गौतम तथा थाना प्रभारी सिविल लाइन उपस्थित रहे।




## रीवा एयरपोर्ट के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए शीघ्र बनायें प्रस्ताव

### विंध्य क्षेत्र के औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र है रीवा



रीवा।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि विंध्य क्षेत्र में विकास की गति तेज़ हुई है और औद्योगिक विस्तार निरंतर गति पकड़ रहा है। रीवा एयरपोर्ट का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण समय की आवश्यकता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि रीवा एयरपोर्ट के रनवे को बड़ा करने और आवश्यक अधोसंरचना विकास के लिए विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र तैयार किया जाये। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के साथ नियमित सामंजस्य बनाकर कार्यवाही को गति दी जाये। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि रीवा एयरपोर्ट वर्तमान में एटीआर-72 विमान के संचालन के लिए लाइसेंस प्राप्त है और नाइट लैंडिंग की सुविधा से युक्त है। उन्होंने कहा कि बढ़ती हवाई सेवाओं की मांग को देखते हुए एयरपोर्ट के रनवे विस्तार और सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में त्वरित कदम आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि नई एविशन नीति के अंतर्गत रीवा एयरपोर्ट के लिए दो एयरलाइन मार्गों के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें शीघ्र अंतिम रूप दिए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में उन्होंने तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए, ताकि रीवा की हवाई सेवाओं के विस्तार में विलंब न हो। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट के सुदृढ़ीकरण से विंध्य क्षेत्र में औद्योगिक निवेश, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। इससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी सशक्त होगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं अवसर प्राप्त होंगे। बैठक में अपर मुख्य सचिव (एविएशन) संजय कुमार शुक्ला, आयुक्त (एविएशन) चंद्रमौली शुक्ला, उप सचिव (एविएशन) कैलाश बुंदेला और निदेशक, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया भोपाल रामजी अवस्थी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के आवेदकों की समस्याएं सुनी, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश

रीवा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आवेदकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों का तत्परता से निराकरण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय अधिकारी शासन की योजनाओं का लाभ नियत समय में संबंधितों को दिलाया जाना सुनिश्चित करें ताकि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें ही न आएं। उन्होंने कहा कि आगामी एक माह में अभियान चलाकर तकनीकी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में किए जा रहे नवाचार को भी प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई व्यवस्थित ढंग से की जाए इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक नियमित रूप से थानों की चेकिंग का अभियान चलाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी सुशासन के लिए किए जा रहे नवाचार की जानकारी दें। जिलों में जन सुनवाई में आवेदनों का तत्परता से निराकरण करें। खाद और बीज के भण्डारण तथा वितरण में कड़ी निगरानी रखें। धान, कोदो और सोयाबीन के उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों के रकबे का सत्यापन कराएं। भावांतर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। समाधान ऑनलाइन में रीवा जिले के आशीष बहेलिया द्वारा मुख्यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजनान्तर्गत लैपटाप प्राप्त न होने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा बताया गया कि लैपटाप क्रय के लिए आवंटन उपलब्ध न होने से संबंधित को लैपटाप प्रदान नहीं किया जा सका। शासन स्तर से बचत आवंटन के लिए मांग की गई। प्रकरण में विलंब किए जाने पर संबंधित लिपिक को निलंबित किया जाकर विभागीय कार्यवाही संस्थित की गई है। आवेदक आशीष बहेलिया को जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित कर प्राप्त बजट में से लैपटाप उपलब्ध करा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि आगामी एक नवम्बर को स्थापना दिवस पर रोजगार व स्वरोजगार की थीम पर कार्यक्रम आयोजित करें। आदिवासी समाज के गौरव भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 15 नवम्बर को भव्य रूप से आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी आदिवासी क्षेत्रों में इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री ने वर्षाकाल के उपरांत सड़कों के सुधार कार्य किए जाने तथा नगरीय निकायों में कायाकल्प अभियान से सड़क निर्माण कार्य कराने व उनके सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि प्रत्येक स्तर पर सुशासन के लिए प्रयास किए जाएं तथा आमजन व नागरिकों को शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ दिलाया जाए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी हेमंत चौहान तथा कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही- कलेक्टर मऊगंज

### नरवाई जलाने पर धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू





मऊगंज। पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण तथा मिट्टी की उर्वरता के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश सम्पूर्ण मऊगंज जिले में लागू हो गया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं होने के कारण इसे भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है।

जारी आदेश के अनुसार खरीफ फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से फसल की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें फसल काटने की अनुमति नही दी जायेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाने के स्थान पर फसल के अवशेष को एकत्रित करके पशुओं के भोजन के रूप में उपयोग करें। फसल अवशेष का उपयोग कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस बनाने में भी किया जा रहा है। इससे किसानों को अतिरिक्त राशि प्राप्त होगी। किसान यदि धान के बाद अन्य कोई फसल लेना चाहता है तो हैप्पी सीडर और सुपर सीडर से फसल की बोनी करे। इससे नरवाई मिट्टी में मिलकर खाद के रूप में फसल के लिए पोषण का कार्य करेगी। नरवाई को बेलर, रैकर एवं चापर मशीन की सहायता से बंडल बनाकर औद्योगिक ईंधन के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है।

जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी 2017 के नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दण्ड आरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा भी फसल अवशेष अथवा नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने पर किसान पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश को पालन कराने के लिए अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। साथ ही सभी अनुभागों में एसडीएम की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित की गई है। आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए खण्ड स्तर पर नायब तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी एवं थाना प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जिला दण्डाधिकारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारी के साथ नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार कर तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

## मऊगंज जिले की विभिन्न गौशालाओं में गौवर्धन पूजन के साथ ही गौ पूजन का कार्यक्रम हुए आयोजित



मऊगंज

जिले की गौशालाओं मे गौवर्धन पूजन आयोजित किये गये इसी कड़ी मे रकरी ग्राम पंचायत में गौशाला में विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम ने गौवर्धन पूजन एवं गौपूजन किया। उन्होंने गौसेवकों का शाल श्रीफल सौंप कर सम्मान किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत करही की गौशाला में गौपूजन कर गौसेवकों का सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत रामपुर में जनपद अध्यक्ष श्रीमती ममता तिवारी, सरपंच श्रीमती सरिता सिंह, ग्राम पंचायत मड़ना की गौशाला में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में गौवर्धन पूजा व गौपूजन किया गया।